पंजाब केसरी

# दीवाली से पहले बड़ी मात्रा में नकली देशी घी पकड़ा, आरोपी ऑटो से करता था सप्लाई



**गोहाना (सुनील जिंदल) :** गोहाना में त्योहारों के सीजन से पहले पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नकली देशी घी पकड़ा है। गोहाना सिटी थाना पुलिस और खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम ने जींद जिले के गांव बीबीपुर निवासी जसबीर को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी जसबीर ऑटो में विभिन्न ब्रांड के नकली देशी घी भरकर गोहाना में सप्लाई करने जा रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. बीरेंद्र सिंह को इसकी सूचना मिली, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर ऑटो से 28 पेटी नकली देशी घी बरामद कर लिया।

गोहाना सिटी थाना एसएचओ अरुण नर ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह किन-किन दुकानदारों को नकली घी सप्लाई करने जा रहा था। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि यह घी जींद के पिल्लूखेड़ा कस्बे में बनी एक फैक्ट्री से लाया गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और फैक्ट्री तक पहुंचने के लिए आगे की जांच तेज कर दी है।

Source: https://haryana.punjabkesari.in/haryana/news/large-quantity-of-fake-desi-ghee-was-seized-before-diwali-2216796